भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 470

उत्तर देने की तारीख- 03/12/2025

महाराष्ट्र में ईएमआरएस

470 श्री मिलिंद मुरली देवराः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) के साथ हाल ही में हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत महाराष्ट्र में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में शैक्षिक अवसंरचना उन्नयन की प्रगति की स्थिति क्या है; और

(ख) महाराष्ट्र के कितने छात्र इस डिजिटल एवं मार्गदर्शन (मेंटरशिप) अभियान से लाभान्वित हुए हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख): जनजातीय कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) के साथ महाराष्ट्र के निम्नलिखित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में पांच अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं उपलब्ध कराने की पहल की है:

1. ईएमआरएस चंकापुर
2. ईएमआरएस खैरिप्रासोडा
3. ईएमआरएस मावेशी
4. ईएमआरएस अजमेर सौनाडे
5. ईएमआरएस देवदा

इन अंतरिक्ष प्रयोगशालाओं की स्थापना का उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ईएमआरएस छात्रों को व्यावहारिक, अनुभवजन्य शिक्षण प्रदान करना है। छात्रों को उपग्रह प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष मिशन, रोबोटिक्स और उभरते हुए स्टेम (एसटीईएम) विषयों का लाभ उठाने के लिए, इन प्रयोगशालाओं को इसरो के 'स्पेस ट्यूटर' कार्यक्रम की तर्ज पर विकसित किया गया है। इस पहल का लाभ इन स्कूलों के सभी छात्रों के लिए उपलब्ध है।

*****